तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

08 सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम ...



09 विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच ही विकसित ...



आक्रोश : 16 ट्रकों को रोक कर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, 8 मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बस्तर दशहरा के लिए दरभा जंगल से लकड़ी ले जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/दरभा

बस्तर दशहरा रथ निर्माण के लिए हर साल दरभा क्षेत्र से बड़ी मात्रा में लकड़ी ले जाने को लेकर स्थानीय वन समितियों और ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों ने दरभा में लकड़ी लेने पहुंचे 16 ट्रकों को रोककर रखा। ग्रामीणों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया और दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के नाम से दरभा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं।

शनिवार को रथ निर्माण के लिए दरभा जंगल में पेड़ काटने को लेकर ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 दरभा बाजार स्थल के कोलेंग चौक में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया और 8 सूत्रीय मांगों को लेकर दरभा सड़क का चक्का जाम कर बस्तर दशहरा रथ निर्माण के लिए पेड़ काटकर लकड़ी लेने पहुंचे वाहनों को चक्काजाम कर रोक दिया गया। चक्काजाम से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 दरभा में घंटों तक जाम लगा रहा।

चक्काजाम से दशहरा के लिए लकड़ी लेने पहुंचे ट्रकों समेत दर्जनों वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन व चक्काजाम की जानकारी मिलते दरभा तहसीलदार सुनील ध्रुव, नायब तहसीलदार जयंत कुमार के अलावा वन विभाग के अधिकारी और दरभा थाना प्रभारी सुरेन्द्र पामभोई प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर चर्चा की। बावजूद ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और मांगों को मनवाने नारे लगाते रहे। चक्काजाम स्थल पहुंचे अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच घंटों बातचीत के बाद अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी बातों को दशहरा समिति व उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा, तब जाकर ग्रामीण ने चक्काजाम स्थल से हटे और आवागमन बहाल किया जा सका। बस्तर दशहरा रथ निर्माण लकड़ी ले ⏭ शेष पेज 08 पर



ग्रामीणों व वन संसाधन समिति ने की 8 सूत्रीय मांग

मांग पत्र के मुताबिक ग्रामीणों का कहना था कि बस्तर दशहरा में निर्माण रथ को 2 से 3 साल तक उपयोग में लाया जाए। बस्तर दशहरा समिति में बारहपाल छिन्दावाड़ा से 5 सदस्यों को सम्मिलित किया जाए। दरभा क्षेत्र का चोकावडीन गुड़ी निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किया जाए। बस्तर दशहरा रथ निर्माण लकड़ी लेने आए प्रत्येक सदस्य को 300 रूपए मानदेय दिया जाए। इसके अलावा बारहपाल छिन्दावाड़ा के देवी देवताओं को दशहरा में दिए जाने वाला रूसुम दिया जाए।

जंगल मैदान में हो रहा तब्दील

ग्रामीणों का कहना है कि बस्तर दशहरा पूरे बस्तर संभाग का पर्व है, लेकिन रथ के लिए हर वर्ष मुख्य रूप से दरभा क्षेत्र से ही लकड़ी ले जाने के कारण यहां के जंगलों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से लकड़ी दिए जाने के कारण दरभा क्षेत्र के जंगलों का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो रहा है और क्षेत्र धीरे-धीरे मैदान होते जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दशहरा रथ के लिए लकड़ी की व्यवस्था केवल एक क्षेत्र पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। बस्तर संभाग के चारों दिशाओं से आवश्यकता के अनुसार लकड़ी लाई जाए ताकि किसी एक क्षेत्र के जंगलों पर लगातार दबाव न पड़े।

बाढ़ पीड़ितों तक किरण देव ने कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचाई राहत सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने बस्तर अंचल में मूसलाधार बारिश और ओड़िशा के खातीगुड़ा बांध के फाटक खोले जाने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित परिवारों तक कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से राहत सामग्री पहुंचाई। बाढ़ के कारण शहर की निचली बस्तियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन ⏭ शेष पेज 08 पर

हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया

उन्होंने प्रभावित परिवारों से उनकी समस्याएं और हुए नुकसान के संबंध में जानकारी लेते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस आपदा में प्रभावित लोगों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। शासन-प्रशासन के माध्यम से बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कराकर प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं को भी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंदों की मदद करने के निर्देश दिए गए हैं। राहत सामग्री वितरण करने वालों में प्रकाश रावल भाजपा जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा बस्तर मनोज जंगम राजेश सोनी साहिल दास, पार्वती रावल, सुजाता भोलो, संतोषी यादव व अन्य मौजूद थे।



गांधी जयंती पर सद्भावना व्हालीबॉल मैच में दिखा खेल और एकता का जज्बा



कोण्डागांव। महात्मा गांधी जयंती पर गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में सद्भावना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। गुण्डाधूर स्नातकोत्तर एवं आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय की छात्रओं के बीच हुए इस मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

सद्भावना वॉलीबॉल मैच का उद्देश्य छात्राओं को खेल के माध्यम से आपसी सौहार्द, सहयोग, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का संदेश देना रहा। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ ⏭ शेष पेज 08 पर





खबर संक्षेप

खेलते-खेलते पानी में डूबे 7 वर्षीय बालक की मौत

फरसगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम बैलांगांव में शनिवार सुबह घर के पास खेल रहा 7 वर्षीय कार्तिक मरकाम खेलते-खेलते मुर्गुम गड़दा में डूब गया। काफी देर तक कार्तिक के दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पानी के पास उसके पैरों के निशान मिले, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से गड़दा में खोजबीन की गई। काफी मशक्कत के बाद कार्तिक का शव पानी से बरामद किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर मृतक बालक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।

रांधना मोड़ पर बिखरी रेत से हादसा, चार घायल



फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर फरसगांव बस स्टैंड के पास रांधना मोड़ में शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। कोंडागांव की ओर मुड़ते समय सड़क पर बिखरी रेत के कारण बाइक सवार दंपति अनियंत्रित होकर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक रायपुर से जगदलपुर जा रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बोरई निवासी डकेश कोसरिया व किशोर भोई तथा सोनाबेडा निवासी जीवन पांडे और उनकी पत्नी निर्मला पांडे घायल हुए। सभी को उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल डकेश कोसरिया और किशोर भोई को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

फसल सुरक्षा के साथ महिला किसानों को आगे बढ़ाना जरूरी : लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सम्मान समारोह में विधायक लता उसेंडी हुईं शामिल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और योजना में उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव में सम्मान समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी ने किसानों की फसल सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महिला कृषि सखियों एवं महिला कृषकों को सम्मानित कर कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं से जुड़कर प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से फसल को होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूक किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम में ग्राम बड़ेकनेरा के किसान कोमल राम पटेल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लगातार सहभागिता के लिए 'चौंपियन फार्मर' के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर योजना के प्रति उनकी निरंतर सहभागिता की सराहना की गई। इस अवसर पर जिले की महिला कृषि सखियों एवं महिला कृषकों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, जितेन्द्र सुराना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, कुलवंत सिंह चहल, गोपाल दीक्षित, अश्वनी पाण्डे, संतोष पात्रे, लक्ष्मी ध्रुव, ललित देवांगन, टेबल टेनिस संघ कोण्डागांव के अध्यक्ष आर.के. जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, सिविल सर्जन डॉ. पी.एल. मण्डावी, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद थे।

मर्दापाल के सेवा सेतु शिविर में वन मंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद, विभिन्न योजनाओं का दिलाया लाभ

सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मर्दापाल में सेवा सेतु अभियान के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की योजनाओं की जानकारी ली।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राही किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान के तहत इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामीणों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन एवं सहकारी समितियों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों को इन गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

वन मंत्री ने ग्रामीणों को अपने घरों एवं आसपास फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ परिवारों की आय बढ़ाने के अवसर भी उपलब्ध हो सकते हैं।

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को बी–1, खसरा एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेज, शिक्षा विभाग द्वारा 12 जाति प्रमाण पत्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 महिलाओं की गोद भराई कराई गई।

मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाल, श्रम विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मिनीमाता जतन योजना का लाभ, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को सहायक उपकरण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। उद्यानिकी एवं वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को फलदार एवं अन्य प्रजातियों के पौधों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, प्रेम सिंह नाग, सरपंच जयमती कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार विजय सिंह, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी शिविर में शामिल हुए।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में सिमरन बनीं सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी



कोण्डागांव। गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के तीन विद्यार्थी खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सिमरन ठाकुर, दिलेश्वर देवांगन एवं रोशन गुप्ता ने उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया।

- गुण्डाधुर महाविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर का किया प्रतिनिधित्व

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 29 एवं 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में सिमरन ठाकुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का गौरव हासिल किया।

महाविद्यालय के खिलाड़ी दिलेश्वर देवांगन एवं रोशन गुप्ता ने भी उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर की ओर से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीनों विद्यार्थियों का सेक्टर का प्रतिनिधित्व करना महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही।

प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने तीनों खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर जोर – महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच. आर. यदु ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

महाविद्यालय परिवार में खुशी

सिमरन ठाकुर का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनना तथा दिलेश्वर देवांगन एवं रोशन गुप्ता का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सेक्टर का प्रतिनिधित्व करना महाविद्यालय के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि रही।

गांधी जयंती पर दौड़े युवा, मैराथन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

गांधी जयंती पर केशकाल घाटी नीचे स्थित ग्राम सालेभाट स्थित शहीद वीर गुंडाधुर युवा विकास केंद्र में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। समर्थन संस्था के सहयोग से संचालित इस मैराथन में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। युवाओं में खेल के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित दौड़ में बालकों के लिए 10 किलोमीटर तथा बालिकाओं के लिए 5 किलोमीटर की मैराथन रखी गई। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कोच भावेश सलाम ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। रमेश निषाद ने गांधीजी के अहिंसा के संदेश का उल्लेख करते हुए युवाओं से शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ नशामुक्त बस्तर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सरपंच अंजू तुलैश नेताम, प्रीत राम मरकाम, निर्मल मंडावी, संजय मंडावी, प्राचार्य सी.एल. यादव, प्रेम सिंह नेताम एवं चरण नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षक और युवा मौजूद रहे।

जैतपुरी में एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति रैली

कोण्डागांव। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य राजेश पांडेय के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों और स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम जैतपुरी में नशामुक्त विद्यालय, नशामुक्त समाज विषय पर एक जन–जागरूकता रैली निकाली गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। रैली रवाना होने से पूर्व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को जीवन भर हर प्रकार के व्यसन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। हरी झंडी दिखाए जाने के बाद रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम के विभिन्न मार्गों, मुख्य चौक तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरी। रैली में शामिल विद्यार्थी हाथों में नशामुक्ति के संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों ने बापू का था एक ही सपना, नशामुक्त हो देश अपना और एनएसएस का है यही पैगाम, नशामुक्त हो जैतपुरी ग्रामष जैसे गगनभेदी नारों से पूरे गांव में अलख जगाई।

जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में पोस्टर के जरिए दिया रेबीज से बचाव का संदेश

कोण्डागांव। विश्व रेबीज दिवस पर स्वास्थ्य विभाग, जिला कोण्डागांव के तत्वावधान में जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, कोण्डागांव में रेबीज जागरूकता को लेकर पोस्टर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों सहित आमजन को रेबीज से बचाव, रोकथाम और समय पर उपचार के प्रति जागरूक करना रहा।

आयोजित कार्यक्रम में जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के नर्सिंग विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टरों के माध्यम से रेबीज के कारण एवं लक्षण, पशु के काटने या खरोंचने के बाद बरती जाने वाली सावधानियों, घाव की तत्काल सफाई तथा समय पर एंटी–रेबीज उपचार और टीकाकरण के महत्व को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम में डॉ. ममता ठाकुर, प्राचार्य अनीता सोनी, शिक्षकगण, महामारी विशेषज्ञ झम्मन लाल वर्मा तथा एनसीडी सलाहकार सुश्री शीला यादव उपस्थित रहे।

अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टरों का अवलोकन किया और रेबीज की रोकथाम एवं बचाव से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की।

पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि कुत्ते अथवा किसी अन्य पशु के काटने या खरोंचने पर घाव को तत्काल साबुन एवं बहते पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद बिना विलंब किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लेकर आवश्यक एंटी–रेबीज उपचार एवं टीकाकरण कराना चाहिए।



ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर मोहन मरकाम ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

कोण्डागांव। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने ओबीसी आरक्षण एवं सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़ा वर्ग के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद पिछड़ा वर्ग सहित अन्य आरक्षित वर्गों के हितों के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है। मोहन मरकाम ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विधानसभा के विशेष सत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सहित आरक्षण संबंधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया था। 2022 में पारित आरक्षण विधेयकों में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। मोहन मरकाम ने आरोप लगाया कि ओबीसी युवाओं को शिक्षा और रोजगार में उनके अधिकारों का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रशासनिक पदों और शासकीय भर्तियों में ओबीसी आरक्षण, रोस्टर एवं बैकलॉग पदों को लेकर भी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा ओबीसी आरक्षण बढ़ाने और सामाजिक न्याय की बात कही गई थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद क्वांटिफायबल डेटा आयोग की रिपोर्ट को लेकर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने ओबीसी कल्याण बोर्ड तथा संबंधित योजनाओं के बजट को लेकर भी सवाल उठाए।



मोहन मरकाम ने ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति, व्यापम एवं राज्य लोक सेवा आयोग की भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था तथा क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र से जुड़ी प्रक्रियाओं को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक जटिलताओं के कारण युवाओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

भारत की जीत पर केशकाल के क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न



केशकाल। एशियन गेम्स के क्रिकेट फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए रोमांचक मुकाबले को लेकर शनिवार को केशकाल के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मुकाबला शुरू होने से लेकर अंतिम गेंद तक बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन के सामने डटे रहे। भारतीय टीम के प्रत्येक चौके-छक्के और विकेट पर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता गया। जैसे-जैसे मुकाबला निर्णायक दौर में पहुंचा, वैसे-वैसे क्रिकेट प्रेमियों की धड़कनें भी बढ़ती गईं। फाइनल मुकाबले के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की नजरें लगातार टीवी स्क्रीन पर टिकी रहीं। भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद जब पाकिस्तान की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो मैच और भी रोमांचक हो गया। पाकिस्तान के बल्लेबाजों के हर रन के साथ प्रशंसकों की चिंता बढ़ती रही, वहीं भारतीय गेंदबाजों द्वारा महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट हासिल करने पर क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर उत्साह जताया।

पेज 07 के शेष...

बस्तर दशहरा के ...

जाने वाले को दुर्घटना होने पर 20 लाख मुआवजा दिया जाए। बस्तर दशहरा में सम्मिलित होने वाले बारहपाल छिन्दावाड़ा के देवी देवताओं एवं उनके साथ जाने वाले सेवादारों को गाड़ी और रुकने की व्यवस्था किया जाए। बारहपाल छिन्दावाड़ा क्षेत्र के मावली गुड़ी में डोम शेड निर्माण किया जाए। इन 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उपस्थित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया और जल्दी निराकरण करने कहा गया।

बाढ़ पीड़ितों तक ...

प्रभावित हुआ है और लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किरण देव की पहल पर शिव मंदिर वार्ड, भैरमदेव वार्ड, डोंगाघाट, भाटागुड़ा, छेपडागुड़ा व तमाकोनी सहित बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को कंबल, चटाई और राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। राहत सामग्री मिलने से बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिली। इस अवसर पर विधायक किरण देव ने वीडियो कॉल के माध्यम से बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली।

गांधी जयंती पर ...

खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल और टीम भावना देखने को मिली। खेल गतिविधि ने दोनों महाविद्यालयों की छात्रओं को एक–दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। सद्भावना वॉलीबॉल मैच में गुण्डाधूर महाविद्यालय की पुष्पा मरकाम, मनीषा, आरती मरकाम, सनीला, सन्मति, प्रमिला कश्यप, राधिका, नंदनी, पूर्णिमा, भवनबती, सिमरन, कौशल्या, कुमारी सलाम, कीर्ति, सारंबती, वंदना एवं उमाभारती ने सहभागिता की। वहीं शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय की ओर से बिन्देश्वरी, मनीषा, आरती, संध्या, मुस्कान, बिंदिया, रेशमा, माहेश्वरी, रेशमी एवं माधुरी ने खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सद्भावना वॉलीबॉल मैच के साथ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

मेरे सपनों का भारत पर युक्ति ने रखा प्रभावी पक्ष, जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम

केशकाल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं विद्यालयों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में केशकाल विधानसभा के विकासखंड बड़ेराजपुर के संकुल केंद्र विश्रामपुरी अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, विश्रामपुरी की छात्रा युक्ति प्रधान, पिता शंभुराम प्रधान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में युक्ति प्रधान ने मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने भाषण में देश के विकास, शिक्षा, संस्कार, युवाओं की भूमिका, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। युक्ति ने सरल एवं प्रभावी शब्दों में अपने सपनों के भारत की कल्पना को सामने रखा।



जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना युक्ति के साथ-साथ विद्यालय एवं विकासखंड बड़ेराजपुर के लिए भी गौरव का विषय रहा।

युक्ति प्रधान की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय नाग, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ठाकुर, खंड स्त्रोत समन्वयक सोनाराम यादव, संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू, मीडिया प्रभारी दिनेश गर्ग, आश्रम अधीक्षिका श्रीमती संध्या भारद्वाज सहित शिक्षिकाओं माधुरी नाग, नर्मदा साहू, सोनिया सिन्हा, गुंजा साहू, हेमलता वासुदेव एवं रूपाली मानिकपुरी तथा समस्त शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।



खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने किया थाना का शैक्षणिक भ्रमण



बस्तर। संस्कार द गुरुकुल स्कूल चिड़ईपदर बस्तर के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण हेतु थाना बस्तर पहुंचे, जहां उन्हें थाने का भ्रमण कराया गया और थाने की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान बच्चों को अपराध पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया, शिकायत दर्ज करने की प्रणाली, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात और डायल-112 की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान थाना प्रभारी संतोष सिंह एवं एसआई अरुण सिन्हा ने बच्चों को साइबर जागृति अभियान के तहत साइबर अपराध को लेकर विभिन्न जानकारी प्रदान की। उन्होंने साइबर अपराध के तरीके, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड से बचाव के उपाय बताकर जागरूक किया। बच्चों को साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी परिजनों व पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

8 किलोमीटर पैदल चलकर बेंगपाल पहुंची स्वास्थ्य टीम



दंतेवाड़ा। जहां सड़कें खत्म हो जाती हैं, वहां अक्सर सरकारी सेवाओं की पहुंच भी मुश्किल हो जाती है। लेकिन सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य ही उन दूरस्थ इलाकों तक पहुंचना है, जहां जरूरत सबसे अधिक है। इसी संकल्प को साकार करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बैलाडीला के अंतिम छोर पर बसे पहुंचविहीन ग्राम बेंगपाल तक पहुंचने के लिए करीब 8 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया। गांव में पहुंचने के बाद पेड़ की छांव के नीचे ही स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और यही छांव ग्रामीणों के लिए उस दिन अस्पताल बन गई। मौके पर स्वास्थ्य अमले ने गांव के 106 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर में प्रत्येक ग्रामीण की मलेरिया जांच की गई। वहीं 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की गैर-संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। साथ ही महिलाओं का गर्भवती पंजीयन तथा बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें आगे उपचार एवं ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल भेजने की प्रक्रिया की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से संबंधित कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

गांधी व शास्त्री जयंती पर एकता और सद्भाव के रंग में रंगी लौहनगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, शाखा किरंदुल द्वारा आयोजित सर्वसमाज–सर्वधर्म सद्भाव महोत्सव की चर्चा अब पूरे नगर में हो रही है। आयोजन की सबसे बड़ी खास बात यह रही कि मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ने किरंदुल के विभिन्न धर्मों, जातियों, समाजों, वर्गों और समुदायों को एक ही मंच पर एकत्रित कर एकता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की ऐसी तस्वीर प्रस्तुत की, जिसने पूरे नगर का ध्यान आकर्षित किया। प्रभात फेरी से लेकर सर्वधर्म सभा, एकता कलश, मशाल हस्तांतरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह और वृक्षारोपण तक कार्यक्रम के प्रत्येक चरण में सामाजिक एकता की भावना दिखाई दी। नगरवासियों के बीच इस बात की विशेष चर्चा रही कि किरंदुल में रहने वाले अलग-अलग सामाजिक एवं धार्मिक पहचान रखने वाले लोगों को जिस आत्मीयता के साथ एक साथ लाकर खड़ा किया गया, वह पूरे आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही।

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) की यह पहल मानो किरंदुल के अलग-अलग समाजों और समुदायों को एक-एक फूल के रूप में एकत्र कर सद्भाव और भाईचारे की एक सुंदर माला में पिरोने जैसी रही। विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, समाजों के प्रतिनिधियों, श्रमिक संगठनों, विद्यालयों, विद्यार्थियों और नगरवासियों की एक साथ मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि पहचानें अलग हो सकती हैं, लेकिन किरंदुल की सामाजिक आत्मा एक है।आयोजन के बाद नगर में इसकी व्यापक चर्चा होना इस बात को दर्शाता है कि सामाजिक एकता और सद्भाव की ऐसी पहल लोगों के बीच सकारात्मक प्रभाव छोड़ती है। कार्यक्रम ने श्रमिक संगठन की भूमिका को केवल श्रमिक हितों तक सीमित न रखते हुए सामाजिक सरोकारों और नगर की एकता से भी जोड़ने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे किरंदुल सीआईएसएफ मुख्य चेक पोस्ट से सद्भावना प्रभात फेरी के साथ हुई। विभिन्न समाजों एवं वर्गों के लोगों के साथ विद्यालयों के विद्यार्थियों ,शिक्षक , शिक्षिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित श्रमिक सदन (गांधी भवन) पहुंची। गांधी भवन के समक्ष यूनियन के अध्यक्ष सचिव पदाधिकारियों के साथ साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प वर्षा, पुष्प गुच्छ, शॉल एवं तिरंगा इंटक गमछा, टोपी भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के करकमलों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया।

सेवा संकल्प अभियान पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच ही विकसित भारत की मजबूत नींव: विधायक अटामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आंवराभाटा में किया गया।

■ मेरे सपनों का भारत में दिखी विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति

प्रतियोगिता में जिलेभर के स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विकसित भारत, स्वच्छ भारत, राष्ट्र निर्माण एवं रक्षा प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न विषयों पर अपनी कल्पनाओं और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को मंच पर निडर होकर अपनी बात रखते देखना शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाषण, चित्रकला और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी रचनात्मकता और विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में देश के प्रत्येक नागरिक के साथ विद्यार्थियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों ने 'मेरे सपनों का भारत', 'स्वच्छ भारत' और रक्षा प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को जिस तरह अभिव्यक्त किया है, वह भविष्य के सशक्त और विकसित भारत की दिशा में उनकी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा सहित बस्तर क्षेत्र में लंबे समय तक प्रभावित रहे अंदरूनी क्षेत्रों में अब शिक्षा और विकास की गतिविधियों को निरंतर गति मिल रही है। सड़क, पुल-पुलिया और अन्य विकास कार्यों के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी हिंसा का प्रभाव रहा, वहां विद्यालयों और आश्रमों में पुनः शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराया गया, जो क्षेत्र में आए बदलाव और बढ़ती विकास गतिविधियों को दर्शाता है। विधायक ने भारत की वैज्ञानिक एवं रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर रक्षा प्रौद्योगिकी तक लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विद्यार्थियों और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों में विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह दंतेवाड़ा की बदलती शैक्षणिक तस्वीर को सामने ला रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य दंतेवाड़ा के विद्यार्थियों के सपनों और उपलब्धियों में भी दिखाई दे रहा है।

गांधी जयंती पर मैराथन दौड़ व किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोन्टा

महात्मा गांधी जयंती के पावन अवसर पर लोगों में फिटनेस, अनुशासन एवं सामुदायिक भागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हुए। सीआरपीएफ 217वीं बटालियन ने डीआईजी राजेश कुमार पांडे परिचालन रेंज कोन्टा के कुशल मार्गदर्शन एवं तथा कमांडेंट विजय शंकर के नेतृत्व में डी.ए.वी. स्कूल, कोन्टा के छात्रों के सहयोग से एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत जोश एवं उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेते हुए इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके साथ ही 217वीं बटालियन में "एक पेड़ मां के नाम" पहल के अंतर्गत एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विजय शंकर कमांडेंट व नीर सिंह मीना द्वितीय कमान अधिकारी ,विजय कुमार उप कमाण्डेन्ट, प्रदीप कुमार पाठक अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों तथा प्रतिभागियों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

धार्मिक गतिविधियों व ग्रामसभा की जमीन को लेकर प्रस्ताव, सूचना पटल पर भी किया सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जनपद पंचायत कोंटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुनपल्ली में आयोजित विशेष ग्राम सभा में धार्मिक गतिविधियों, सामुदायिक भूमि और गांव की पारंपरिक सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम सभा ने अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक हितों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कई बिंदुओं पर निर्णय लिए। ग्राम सभा में पारित निर्णयों को ग्रामीणों और संबंधित लोगों की जानकारी के लिए पंचायत में लगाए गए सूचना पटल पर भी सार्वजनिक किया गया है।

■ पुनपल्ली में विशेष ग्रामसभा का बड़ा फैसला

निर्णय क्रमांक 6 में धार्मिक गतिविधियों और भूमि का मुद्दा

विशेष ग्राम सभा में पारित निर्णय क्रमांक 6 में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1), पांचवीं अनुसूची, पेसा अधिनियम 1996 तथा छत्तीसगढ़ के पेसा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार ईसाई एवं धर्मांतरित व्यक्तियों को शव दफनाने, चर्च निर्माण, प्रार्थना सभा एवं चर्च संबंधी सभाओं के लिए ग्राम सभा की भूमि उपलब्ध नहीं कराने तथा ग्राम सभा की भूमि का आवंटन नहीं करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम सभा ने अपने निर्णय में गांव की पारंपरिक व्यवस्था और सामुदायिक संसाधनों को लेकर अपनी भूमिका पर जोर दिया है। निर्णय को बाकायदा सूचना पटल पर चस्पा कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई है।

विशेष ग्राम सभा में सरपंच सोनमती माड़वी, ग्राम अध्यक्ष बारसे सोमा, उपसरपंच मुचकी नंदा, ग्राम पटेल बारसे पांडु, पूर्व सरपंच मीडियम जोगा, वार्ड पंच पोडियम भीमा, ग्राम पुजारी बारसे मल्ला, जनपद पंचायत सदस्य मड़कम भीमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सूचना पटल पर धर्म प्रचार को लेकर भी सख्त संदेश

ग्राम पंचायत पुनपल्ली के सूचना पटल पर लगाए गए संदेश में पादरी एवं ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा कथित धर्मांतरण, प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक गतिविधियों के संदर्भ में ग्राम सभा के निर्णय का उल्लेख किया गया है। सूचना पटल में ग्राम की सांस्कृतिक पहचान, परंपरा, रीति-रिवाज और सामाजिक विरासत के संरक्षण की बात कही गई है। ग्राम सभा की ओर से ग्रामीणों से निर्णय एवं लागू कानूनों का सम्मान करने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी विवाद अथवा कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रशासन और संबंधित विधिक अधिकारियों को सूचना देने तथा निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की बात कही गई है।

अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की भूमिका को लेकर पेसा कानून में स्थानीय परंपराओं, रीति-रिवाजों, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण का प्रावधान है।

परंपरा, सामाजिक एकता व कानून का सम्मान जरूरी



जनपद पंचायत सदस्य एवं भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष मड़कम भीमा ने कहा कि ग्राम सभा ने अपनी पारंपरिक व्यवस्था, सामाजिक एकता और सामुदायिक हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है। ग्राम सभा के निर्णयों का सम्मान हो और सभी विषयों का समाधान विधि एवं संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप हो, यही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में धर्मांतरण को लेकर समय-समय पर सामने आने वाली शिकायतों और विवादों का समाधान कानून के दायरे में होना चाहिए। ग्राम सभा की परंपरागत व्यवस्था और संवैधानिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला ग्रंथालय में जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा श्रीफल, शाल एवं फूलमाला भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच के साथ जरूरतमंद बुजुर्गों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए।

■ वृद्धजन दिवस पर जिला ग्रंथालय में हुआ सम्मान समारोह

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने सभी वरिष्ठजनों को नमन करते हुए कहा कि इतने बुजुर्गों के एक साथ दर्शन और उनका आशीर्वाद प्राप्त होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने मां दंतेश्वरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी पर बुजुर्गों की कृपा और आशीर्वाद सदैव बना रहे। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के जन्म से लेकर उनके पालन-पोषण और संस्कार देने तक अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। परिवार में बच्चों को जीवन की पहली सीख और संस्कार माता-पिता एवं बुजुर्गों से ही प्राप्त होते हैं, जो आगे चलकर उनके व्यक्तित्व और समाज की नींव बनते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर करने की परंपरा रही है। आज भी ग्रामों में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों, ग्राम सभाओं पंचायतों में वरिष्ठजनों को ही अध्यक्षता हेतु आमंत्रित किया जाता है, प्रमुखता भी दी जाती है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से परिवार, समाज और गांव को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर के समान हैं और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सम्मान समारोह के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जो वरिष्ठजन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, उनके घर जाकर भी उनका आशीर्वाद लेने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। दंतेवाड़ा के विकास और निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। विभिन्न विभागों में सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों तथा माताओं-बहनों ने अपनी मेहनत, अनुभव और योगदान से जिले को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों ने अपने बच्चों और समाज के भविष्य के लिए पूरी जिंदगी लगा दी, उनके जीवन में वृद्धाश्रम जैसे आश्रय स्थलों की आवश्यकता होना समाज के लिए एक चिंतनीय विषय है।

गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत मद्देड़ में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान गांव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के संकल्प के साथ विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने एक साथ मिलकर साफ-सफाई में अपना अमूल्य योगदान दिया। अभियान के तहत गांव के प्रमुख मार्गों, मेन रोड, मन्दिर परिसर,सार्वजनिक स्थलों और पंचायत परिसर की सफाई की गई। इस श्रमदान में जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन और वन विभाग के अमले की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी, व्यापारी पुरुषोत्तम चित्तापुरी, लैंपस प्रबंधक जी.प्रसाद, वार्ड पंच मनोज कासोजी, किस्टैया मोरला, प्राचार्य पवन सोनी सहित अन्य पंचगण एवं जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय नागरिक, थाना प्रभारी डोगेंद्र पॉल पात्रे एवं पुलिस थाना मद्देड़ के स्टाफ, वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेश नक्का, डिप्टी रेंजर सुखदेव कश्यप एवं वन विभाग का अमला मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने स्वच्छता को केवल एक दिन का अभियान न मानकर अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल करने का संदेश दिया। उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी और थाना प्रभारी डोगेंद्र पॉल पात्रे ने कहा कि बापू के सपनों के भारत का निर्माण तभी संभव है जब हमारा गांव और आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेश नक्का ने भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता में ग्रामीणों की सहभागिता की सराहना की। इस सामूहिक प्रयास से मद्देड़ का वातावरण पूरी तरह से स्वच्छ और उत्साहपूर्ण नजर आया। गांव के नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक व पर्यावरण हितैषी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प जताया।

गांधी जयंती पर नगर पालिका ने बढ़ाया सफाई मित्रों का मान



बड़े बचेली। नगर पालिका परिषद बड़े बचेली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज' के तहत एक विशेष सम्मान व सुरक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कामगारों एवं समस्त सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आवश्यक किट का वितरण किया गया। सुरक्षा किट में एप्रोन, मास्क, जूता-मोजा, गमबूट, टोपी और साड़ी शामिल रही। इसके साथ ही, नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए सभी सफाई कर्मियों को शाल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

गांधी व शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर भोपालपटनम जिला बीजापुर में 2 अक्टूबर को रन फॉर डीएव्ही कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे हुई। सर्वप्रथम विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को अनुशासित रूप से पंक्तिबद्ध किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने निर्धारित मार्ग पर 2 किलोमीटर दौड़ लगाई तथा 2 किलोमीटर वापस लौटकर कुल 4 किलोमीटर की दूरी पूरी की।

दौड़ के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग का विशेष सहयोग रहा। पुलिस विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए तत्परता से सहयोग दिया गया। दोनों विभागों के सहयोग से कार्यक्रम सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने दोनों विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने विद्यालय, घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

नियमित व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रन फॉर डीएव्ही के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी विद्यार्थियों के सामने रखा। उन्होंने विद्यार्थियों को फिटनेस एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया।

दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पवन लाम्बाड़ी कक्षा 11वीं ने प्रथम, सुकरैया मड़े कक्षा 7वीं ने द्वितीय तथा संजीव मड़े कक्षा 6वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का सोनला कक्षा 6वीं ने प्रथम, अर्चना बारीहा कक्षा 6वीं ने द्वितीय तथा प्रनाह गुरला कक्षा 6वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ के पश्चात विद्यालय परिसर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, स्वच्छता एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

कमर तक पानी, घरों में घुसा बारिश का सैलाब अब मुआवजे की उम्मीद



जगदलपुर। शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लगातार बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव ने रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। कॉलोनी की सड़कों पर कमर तक पानी भर जाने से लोगों को कई दिनों तक इसी पानी के बीच से होकर आवाजाही करनी पड़ी। वहीं बारिश का पानी कई घरों में घुसने से घरेलू सामान सहित अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। अचानक आई बाढ़ जैसी स्थिति से कॉलोनीवासियों को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी। जलभराव और बारिश से हुए नुकसान को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर नुकसान का आकलन शुरू किया गया है। वार्ड के पार्षद और पटवारी ने कॉलोनी में पहुंचकर प्रभावित परिवारों का सर्वे किया। इस दौरान बारिश और जलभराव से घरों तथा अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान की जानकारी जुटाई गई। सर्वे के बाद प्रभावित कॉलोनीवासियों से मुआवजा संबंधी फार्म भी भरवाए गए हैं। रहवासियों ने उम्मीद जताई है कि सर्वे में दर्ज नुकसान के आधार पर उन्हें नियमानुसार मुआवजा मिल सकेगा। लगातार बारिश के कारण जिन परिवारों के घरों में पानी घुसा और सामान खराब हुआ, उनके लिए यह राहत राशि आर्थिक नुकसान की भरपाई में मददगार साबित हो सकती है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि भारी बारिश के दौरान जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई थी। सड़कें जलमग्न होने के साथ ही घरों तक पानी पहुंच गया था। अब प्रभावित परिवारों की नजर मुआवजा प्रक्रिया पर है।

भागवत कथा में श्रद्धालु हुए भावविभोर



जगदलपुर। महेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम चरण में कथावाचक ने सुदामा चरित, परीक्षित मोक्ष एवं योगेश्वर संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भक्ति, मित्रता, त्याग और जीवन के आध्यात्मिक सत्य का संदेश दिया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत और पद का कोई महत्व नहीं होता। सुदामा की दरिद्रता के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने हृदय से लगाया और मित्र धर्म निभाते हुए उनका सम्मान किया। सुदामा द्वारा प्रेमपूर्वक लाए गए चिवड़े को भगवान ने अत्यंत प्रेम से स्वीकार किया। कथा प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। इसके बाद परीक्षित मोक्ष की कथा में बताया गया कि राजा परीक्षित ने जीवन के अंतिम सात दिनों को भगवान की भक्ति और कथा श्रवण में समर्पित किया। श्रीमद्भागवत के श्रवण से उन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हुआ और अंततः भगवान की शरण में मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य को जीवन की नश्वरता को समझते हुए सद्कर्म, सत्संग और ईश्वर भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए।

बिना नम्बर के दौड़ रही ऑटो व बाइक के खिलाफ यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





शहर में बिना नम्बर के दौड़ रही वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई करते हुए नियमों का पालन करने समझाईश दी। वहीं वाहन चालकों से

- वाहनों में नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता व आवश्यक दस्तावेज रखने किया जागरूक

वाहन संचालन के दौरान आवश्यक दस्तावेज साथ रखने जागरूक किया। यातायात पुलिस द्वारा चौक चौराहों में की जा रही वाहनों की जांच से हड़कम्प मच गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी सुखनंदन राठौर व सुमित कुमार धोत्रे के निर्देश में यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को शहर के चौक चौराहों में बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन समेत यातायात दफ्तर लाया गया। आगामी त्यौहारों को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा लगातार बस ऑपरेटरों, ट्रक यूनियन व ऑटो संघ की बैठक ली जा रही है। इसी तारतम्य में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से बिना नंबर के संचालित ऑटो एवं मोटरसाइकिलों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात कार्यालय में वाहन चालकों को यातायात नियमों, वाहन में नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता, आवश्यक दस्तावेज रखने तथा सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले बिना नंबर के वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई भी की गई। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वाहन को सड़क पर संचालित करने से पूर्व उसका पंजीयन एवं नंबर प्लेट सुनिश्चित करें तथा वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों का पालन करें। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे बिना नंबर अथवा आवश्यक दस्तावेजों के वाहन का संचालन न करें और सड़क सुरक्षा में पुलिस का सहयोग करें।

यह रहे मौजूद

बिना नम्बर के वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान डीएसपी ट्रेफिक जयराम चेरमाको, यातायात प्रभारी मधुसूदन सिंह, निरीक्षक कमलेश देवांगन, एएसआई सुखदेव सिंह बघेल, राजकुमार आदिल, प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन, प्रीतम ठाकुर, आरक्षक धनंजय बघेल, यशवंत ठाकुर, हेमंत दीवान व चैनूराम समेत यातायात पुलिस के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में चायकुर, मिलकुलवाड़ा व नेतानार के स्कूली बच्चों ने किए पक्षी दर्शन

पक्षियों की चहचहाहट के बीच प्रकृति से परिचित हुए तान स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



वन्यजीव सप्ताह के तहत बस्तर जिले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा शनिवार को चायकुर, मिलकुलवाड़ा एवं नेतानार के स्कूली बच्चों के लिए पक्षी दर्शन एवं प्रकृति परिचय कार्यक्रम

- बच्चों ने सीखी स्थानीय पक्षियों की पहचान, आवास व व्यवहार

आयोजित किया गया। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके आसपास मौजूद जैव विविधता से जोड़ने के साथ वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक वातावरण में विभिन्न पक्षियों का अवलोकन किया। उन्हें स्थानीय पक्षियों की पहचान, उनके आवास, भोजन और व्यवहार के बारे में रोचक जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों के साथ इंटरैक्टिव संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने पक्षियों और वन्यजीवों से जुड़े सवाल पूछे। सीनियर रिसर्च फेलो युगल कुमार ने बच्चों को सरल और रोचक तरीके से समझाया कि प्रकृति में कोई भी जीव अकेला नहीं है। पक्षियों का संबंध पेड़-पौधों, तितलियों, कीट-पतंगों और छोटे-बड़े वन्यजीवों से जुड़ा है। पेड़-पौधे जीवों को भोजन और आश्रय देते हैं, जबकि कीट एवं तितलियां परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पक्षी बीजों के प्रसार सहित पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में योगदान देते हैं।

बच्चों को बनाया संरक्षण का संदेशवाहक

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल बच्चों को जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें प्रकृति संरक्षण का संदेशवाहक बनाना भी रहा। बच्चों को प्रेरित किया गया कि वे कार्यक्रम में सीखी बातों को अपने माता-पिता, भाई-बहनों और आसपास के लोगों तक पहुंचाएं। उन्हें बताया गया कि किसी पक्षी की पहचान करना, उसके घोंसले की रक्षा करना या पेड़ और वन्यजीव के महत्व को परिवार को समझाना जैसी छोटी पहल भी संरक्षण का संदेश पूरे समुदाय तक पहुंचा सकती है। पक्षी दर्शन के दौरान बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। किताबों की दुनिया से बाहर निकलकर प्रत्यक्ष रूप से प्रकृति और पक्षियों को देखने का अवसर मिलने से बच्चों ने पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

मैना मित्रों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

पक्षियों एवं प्रकृति से संबंधित जानकारी देने और बच्चों से संवाद स्थापित करने में मैना मित्र गजेंद्र नाग, सुक्रा नाग एवं सोनारू नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नेतानार कोलेंग रेंज के डिप्टी रेंजर देवराज निषाद, वनरक्षक कारू राम बघेल एवं लेखन बघेल सहित अन्य वनकर्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पक्षी दर्शन कार्यक्रम ने बच्चों को सीधे प्राकृतिक परिवेश से जोड़ा। चहचहाते पक्षियों के बीच उन्होंने न केवल प्रकृति को देखा, बल्कि उसके संरक्षण की जिम्मेदारी को भी समझा।

संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाना

कार्यक्रम कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्थानीय जैव विविधता से जोड़ने के साथ-साथ उनके माध्यम से संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाना रहा।

बाढ़ का पानी उतरते ही फसलों पर कीट-रोग का खतरा बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अत्यधिक बारिश और बाढ़ के बाद खेतों में जलभराव की स्थिति से फसलों पर कीट एवं रोगों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए कृषि विभाग के कीट नियंत्रण दल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत कोण्डालुर, छापरभानपुरी एवं चोण्डीमेटावाड़ा क्षेत्र का दौरा कर किसानों के खेतों में खड़ी फसलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई खेतों में ब्रॉउनस्पॉट रोग का प्रकोप दिखाई दिया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को फसल की स्थिति के अनुसार कीट एवं रोगों की पहचान करने तथा उचित कीटनाशी और फफूंदनाशी दवाओं का चयन कर अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करने की जानकारी दी। अधिकारियों ने ब्रॉउनस्पॉट रोग की रोकथाम के लिए स्ट्रेप्टोमाइसिन के साथ फंगीसाइड दवा के छिड़काव की सलाह दी। इससे ब्रॉउनस्पॉट के साथ-साथ बालियों में लगने वाले फाल्स स्मट (लाई फुजा) रोग से भी फसल को बचाने में मदद मिलेगी। भ्रमण दल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर फसलों को हुए नुकसान की स्थिति का जायजा लिया। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। अधिकारियों ने किसानों से फसल क्षति की जानकारी टोल फ्री नंबर 14447 पर देने की अपील की, ताकि पात्र किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि खेतों में जलभराव के बाद फसल की नियमित निगरानी करें और रोग या कीट के लक्षण दिखाई देने पर बिना जानकारी के दवा का प्रयोग न करें। अनुविभागीय कृषि अधिकारी योगेश नाग, कृषि विज्ञान केंद्र के कीट वैज्ञानिक धरमपाल केरकेटा, कृषि महाविद्यालय के पौध रोग वैज्ञानिक प्रहलाद नेताम सहित क्षेत्र के मैदानी अधिकारी निरीक्षण दल में शामिल रहे।

नक्सल हिंसा के पीड़ितों को मिलेगी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 5 से 7 अक्टूबर तक जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में निःशुल्क दिव्यांग सहायता महाशिविर आयोजित किया जाएगा। नक्सल मुक्त बस्तर के बाद जिले में आयोजित होने वाला यह पहला विशेष महाशिविर है। इसमें बस्तर के साथ कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिले के पात्र दिव्यांगजन भी लाभान्वित होंगे। शिविर में विशेष रूप से नक्सल हिंसा के कारण दिव्यांग हुए लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। उक्त बातें शनिवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में आयोजित पत्रवार्ता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना ने कही। उन्होंने कहा कि नक्सली घटनाओं और आईईडी विस्फोटों में हाथ-पैर गंवाने वाले पीड़ितों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर उन्हें सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद की जाएगी। यह पहल नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शिविर का आयोजन भारतीय जैन संगठन, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं एनएसई फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। जिला प्रशासन बस्तर, जिला पंचायत जगदलपुर और समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष सहयोग दिया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों की आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम पैर, कैलिपर्स, बैसाखी, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण और वितरण की व्यवस्था रहेगी। पहले से उपकरण उपयोग कर रहे दिव्यांगजनों के उपकरणों की आवश्यक मरम्मत भी की जाएगी। पात्र नए हितग्राहियों को भी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशासन का उद्देश्य केवल उपकरण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को अधिक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बनाना है। विशेषकर नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए यह शिविर पुनर्वास के साथ नई शुरूआत का अवसर बनेगा।

- कोंडागांव, कांकेर व नारायणपुर के हितग्राही भी होंगे शामिल, कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण मिलेंगे नि:शुल्क

निःशुल्क भोजन व आवास की व्यवस्था

शिविर में आने वाले दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड अथवा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज की दो फोटो अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। हितग्राहियों के लिए निःशुल्क भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता होने पर एक अटेंडेंट भी साथ लाया जा सकता है। शिविर स्थल तक हितग्राहियों को लाने और वापस पहुंचाने के लिए संबंधित प्रशासनिक व्यवस्था भी की जाएगी।

पंचायत से नगरीय निकाय तक प्रचार-प्रसार

शिविर की जानकारी अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि नक्सल हिंसा सहित अन्य कारणों से दिव्यांग हुए अधिक से अधिक पात्र नागरिक इस महाशिविर का लाभ उठा सकें।





